खबर संक्षेप

नवरात्र में गरबा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

दमुआ। इस नवरात्र में दमुआ शहर में द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव 2025 का आयोजन त्रिशा मैरिज लॉन पुराना दमुआ में दिनांक 2 अप्रैल 3 और 4 अप्रैल को गरबे का आयोजन किया जा रहा है गरबा मां आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की उपासना आराधना का पर्व है नवरात्रि हमारी आस्था का केंद्र है ऐसी भावना ऐसे पावन अवसर पर शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहे इस चैत्र नवरात्र में दमुआ शहर में पहली बार गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है नवरात्र के पावन पर्व पर मां दुर्गा के अपने नौ स्वरूपों भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान करती है भक्तों का कल्याण करती है नवरात्र में सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहता है पूरे 9 दिन माता की उपासना की जाती है।

स्कूल चलें हम अभियान का सीएम राइज में हुआ शुभारंभ

सौंसर। सीएम राइज शास हिंदी शाला सौसर में मंगलवार को स्कूल चलें हम अभियान 2025 का शुभारंभ कार्यक्रम बीआरसी चैनसा यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एस एम सी अध्यक्ष दयारामजी चौहान बीएसी राजेश भोजने, प्रधानपाठक प्रदीप जाँभोलकर,जनशिक्षक अशोक वडस्कर देवेन्द्र इतुले की उपस्थिति रही। आयोजन मे नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित की गई, बीआरसी श्री यादव ने बताया किइस वर्ष एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्रवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टमप्रणाली पर की जा रही है।

विपक्ष के नेताओं ने गलत जाति प्रमाण पत्र होने की कलेक्टर से की थी शिकायत

जिपं अध्यक्ष ने लाइन में लगकर लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बीते दिनों जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार के जाति प्रमाण पत्र को लेकर भाजपाईयों के द्वारा कलेक्टर जांच की मांग रखी गई थी। इस बाबत परासिया विधानसभा प्रभारी और सभी मंडल अध्यक्षों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर प्रमाण पत्र की जांच करने की मांग की थी।

इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार स्वयं जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे। श्री पुन्हार ने आम आदमी की तरह कलेक्ट्रेट पहुंचकर लाइन में लगकर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई और उनके जाति प्रमाण पत्र पर उठ रहे सवालों को गलत बताया। इसके साथ ही उन्होंने आवेदन में बताया कि उनके खिलाफ राजनीति द्वेष के कारण फर्जी शिकायतें की जा रही है। ये लोग एक संवैधानिक पद पर पदस्थ व्यक्ति की छवि को मीडिया में धूमिल करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर से मांग की है कि शिकायतकर्ताओं को सामने बुलाकर उनसे प्रमाण मांगे जाए और जांच शुरू होने के बाद वे न्याय की मांग के लिए जनसुनवाई में पहुंचे।

वहीं बीते दिनों पहले कार्यकर्ताओं ने परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया से भी शिकायत कर जांच करवाने की मांग रखी गई थी। इसके बाद भाजपा नेता परमजीत विज , विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , दविंदर सिंह ऊर्फ बल्लू नागी , देवी पाल , राकेश बेलवंशी और राकेश कुमरे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और यहां एक आवेदन देकर प्रमाण पत्र की जांच किए जाने की मांग रखी थी।

पुन्हार ने कहा- छवि को धूमिल करने की हो रही साजिश

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा, मैं एक आम नागरिक की तरह न्याय की मांग करने आया हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक द्वेष के कारण फर्जी शिकायतें की जा रही हैं। एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की छवि को मीडिया में धूमिल किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि शिकायतकर्ताओं को सामने बुलाकर उनसे प्रमाण मांगे जाएं। जांच शुरू होने के बाद वे न्याय की मांग के लिए जनसुनवाई में पहुंचे।

जाति प्रमाण पत्र को लेकर हुआ जमकर विवाद

बता दें कि परासिया के नेताओं ने 26 मार्च को कलेक्टर से मिलकर पुन्हार के खिलाफ शिकायत की थी। आरोप है कि उन्होंने गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ा। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पुन्हार के पिता उत्तर प्रदेश के निवासी थे और जाति संबंधी गलत जानकारी दी गई।

अमरवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत का मामला

तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास एक पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना रविवार की है, जिसका वीडियो आज सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर के बाद शख्स 10-12 फीट दूर जाकर गिरा था।

अमरवाड़ा थाना निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे के अनुसार, यह हादसा रविवार दोपहर वार्ड नंबर 10 निवासी पूनराम वर्मा (45) के साथ हुआ। वे स्टेट बैंक के सामने से अपने साथी के साथ गुजर रहे थे, तभी सफेद रंग की एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पूनराम वर्मा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनके शरीर से खून बहने लगा। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें नागपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी

जांच में जुटी पुलिस टीम

घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामला दर्ज कर लिया है। अमरवाड़ा पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है। पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि कार और उसके चालक की पहचान की जा सके। हालांकि, अब तक आरोपी वाहन चालक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

गांजा तस्करी के छह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कोतवाली पुलिस ने गांजे सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिन्दवाडा कोतवाली के अपराध क्र. 752/2024 धारा 8/20,29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामले में 14.11.2024 को 44 किलो गांजा कोतवाली पुलिस द्वारा जप्त किया गया था। जिसमे 06 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया था, मामले का आरोपी किशन सिंग सिद्धू द्वारा जप्तसुदा 44 किलो गांजा उडीसा के जिला कालाहाण्डी का रहने वाला आदम सुना से खरीदना बताया था। जिला कालाहाण्डी अति नकसली प्रभावित क्षेत्र होने के बवजूद भी आरोपी आदम सुना को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक अजय पाण्ड़े के माध्यम से पुलिस उप महा निर्देशक से उडीसा राज्य जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु अति पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली छिन्दवाडा के प्रभारी उमेश कुमार गोल्हानी द्वारा टीम गठित करते हुए भेजी गई थी।

टीम के द्वारा आरोपी आदम सुना की तलाश जिला कालाहाण्डी में लगातार 04-05 दिन अलग अलग स्थानो पर दबिस देने के उपरांत तलनुआ गाँव मणीकेरा थाना एम. रामपुर उडीसा से आरोपी आदम सुना को पकडा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया एवं इसका एक अन्य साथी किशन सिंह सिद्धू उर्फ पाजी जो वर्तमान में जिला जेल छिन्दवांडा में बंद है। आरोपी आदम सुना ने बताया कि उसके घर के आसपास जंगल क्षेत्र होने से गांजा यहा पर आधिक मात्रा में होता है यह नकसलाईड प्रभावित क्षेत्र होने से उडिसा शासन के द्वारा कोई कार्यवाही नही होना बताया। जंगल से गांजा एकत्रित कर लाभ कमाने के लिये अन्य राज्य मे बेचना स्वीकार किया। चूंकि नकसलाईड प्रभावित क्षेत्र होने से आरोपी स्थानीय पुलिस की सहायत से आरोपी को अभिरक्षा में लेकर हमराह स्टाफ के थाना कोतवाली लाया गया।

गिरफ्तार आरोपी

आदम सुना पिता जयराम सुना उम्र 32 साल निवासी लतनुआ गाव मंणीकेरा जिला कालाराण्डी थाना एम. रामपुर उडिसा गिरफ्तार

एनपीएस के विरोध में कर्मचारियों ने बांधी काली पट्टी

पांढुर्ना। एनपीएस और युपीएस के विरोध में पूरे देश में मनाए जा रहे काला दिवस के उपलक्ष्य में पांढुर्ना जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर काम किया। केंद्र की उक्त पेंशन योजना के विरोध स्वरूप समस्त कर्मचारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। इसके पूर्व कर्मचारियों ने एसडीएम कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर नारेबाजी की। इस अवसर पर एनएमओपीएस जिला अध्यक्ष उमेश बिंझाडे, प्रांतीय सचिव रमेश पाटिल, नरेंद्र बांबल, दिनेश डोंगरे, मोरेश्वर ब्रम्हे, मो. युनूस शेख, संजय मसराम, प्रेमराज लांडे, सूर्यकीर्ति काले, गणेश दुखी, लीलाराम बावनकर, चंद्रशेखर सालबर्डे, लक्ष्मण दोडके, जितेंद्र वाघमारे, चेतन इलातकर, विजय मोहोड और अनेक उपस्थित रहे।

इधर घर में लगी आग, उधर घर मालिक को लगा लकवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

इसे संयोग कहें या कुछ और , कि एक ही समय में अलग - अलग स्थानों पर दो घटनाएं हुई । जिनका संबंध एक ही परिवार से है । इधर न्यूटन में घर में आग लगी तो उधर आंचलकुंड में सासुराल में मौजूद घर मालिक को लकवा लगा ।मिली जानकारी के अनुसार न्यूटन वार्ड 11 में रहने वाले गौतम भलावी जो , कि वेकोलि कामगार है और सारणी में कार्यरत है । गौतम बीते कुछ दिनों से अपने बीवी बच्चों के साथ आंचलकुंड अपने ससुराल में है । इधर न्यूटन स्थित उसके मकान में उसकी छोटी नेत्रहीन बहन मीरा भलावी रह रही है । बीती सोमवार - मंगलवार दरमियानी रात करीब 3 बजे जब मीरा को आग की तपिश महसूस हुई तो वह घबराकर उठी और घर का पिछला दरवाजा खोलकर बाहर निकली और आवाज लगाई जिसने सुनकर बगल में रह रहे वेकोलि कामगार शाहिद खान और आस - पास के लोग उठे तो देखा कि गौतम के मकान में आग लगी हुई है । मौजूद लोगों ने पहले बाहर से बिजली कनेक्शन काटा और उसके बाद घर के अंदर घुस आग बुझाया । आग बुझाने तक घर में रखा सोफा , कपड़े और अन्य सामान बुरी तरह जल गया था । मीरा जिस बिस्तर पर सोई थी , वह भी जला , पर गनिमत है , कि समय रहते मीरा घर से बाहर निकल गई । जब मीरा और उसकी बहन जो समीप ही रहती है , ने गौतम को सूचना दी तो पता चला , इसी घटना के समय उसे पक्षाघात हुआ है । बहर हाल स्थानीय भाजपा नेता हरि आठनकर ने मामले में पुलिस और सी एम ओ को सूचना दी और पीड़िता की ओर से एसडीएम को आवेदन देकर उचित कार्यवाही की मांग रखी है ।

तामिया शासकीय सीएम राईज विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

नई शिक्षा सत्र में स्कूल चलो अभियान के प्रवेश प्रारंभ की शुरुआत आज शासकीय सीएम. राईज विद्यालय परिसर में प्राचार्य बी के सानेर ने छात्रों को प्रवेश दिलाने स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका मूल उद्देश्य था कि नये शिक्षा सत्र में केंद्र सरकार के कोई बच्चा छूट ना जाए हर बच्चा स्कूल जाए। योजना के तहत छात्रों को प्रवेश दिलाने हेतु जनप्रतिनिधि एवं पालको गड़ मान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम के माध्यम से प्रवेश दिलवाया गया। इस कार्यक्रम में उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिनकी उपस्थिति पिछले शिक्षा सत्र में सर्वाधिक रही है। वहीं अच्छे नंबर से पास होने वाले छात्र को प्रोत्साहन के रूप में निशुल्क पुस्तक दी गई, साथ ही छात्र-छात्राओं को गणवेश भी दिए गए। इस कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि के सामने छात्रों ने शिक्षा से संबंधित गायन प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने इस गीत की प्रशंसा की। इस तरह आज तामिया सीएम राइज शासकीय विद्यालय में नये शिक्षा सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं के सामने अपने शिक्षा संबंधी विचार रखे एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी कि वे पढ़ लिखकर तामिया का नाम रोशन करें और बड़े-बड़े औहदौ पर यहां से शिक्षा प्राप्त कर पहुंचे। यह बताया कि तामिया एवं इसके आसपास के दर्जनों इसी स्कूल से निकले छात्र यहीं से शिक्षा लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर पहुंचे हैं। आने वाले छात्रों से ऐसी ही उम्मीद सभी जनप्रतिनिधियों ने की है और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं भी की इस सारे कार्यक्रम की रूपरेखा प्राचार्य सीएम राईज द्वारा बनाई गई थी जो इस कार्यक्रम की सफलता का घोतक साबित हुई।

नवीन प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पुस्तक वितरण एवं गणवेश वितरण किये गये साथ ही सभी कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण एवं सबसे अधिक कक्षा में उपस्थित विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया । सभी बच्चों को भोज प्रदान किया गया।

सीएम राइज प्राशा में हुआ प्रवेशोत्सव

पांढुर्ना। सीएम राइज विद्यालय पांढुरना के प्राथमिक विभाग में नवीन सत्र के आरंभ में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरिभाउ हांडे एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मोरेश्वर ब्रम्हे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से किया गया। इसके पश्चात कक्षा 1 व 2 के बच्चों का एफ एल एन मेला के द्वितीय चरण का आरंभ हुआ। इस मेले के उपरांत मुख्यमंत्री के स्कुल चले हम अभियान का सीधा प्रसारण सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावको के समक्ष प्रदर्शित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि कक्षा 5 वीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा है। इसमें 90% से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों का शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में हिन्दी माध्यम की पाठयपुस्तकों का निशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रफुल देशमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला के प्रधानाध्यापक प्रदीप डोबले द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। शाला की समस्त शिक्षिकाएं, संध्या ठाकरे, कल्पना दाटके, रीता देशमुख, योगिता विश्वकर्मा, जयश्री तहकीत, प्रियंका राउत एवं अतिथी शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

जन सहयोग से लगाये जा रहे सीसीटीवी कैमरे

बदमाशों पर रहेगी पुलिस की तीसरी आँख से पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अलग इलाको में सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जा रहे हैं, शहर में सीसीटीव्ही से नजर रखने के लिये पुलिस कंट्रोल रुम स्थापित किया गया हैं जहां इन कैमरो के जरिये पैनी नजर रखी जाती हैं । जन सहयोग से लगाये जाने वाले सीसीटीव्ही कैमरो की एक्सेस लिंक भी पुलिस को मिलती रहेगी, जहां यह कैमरे लगाये जा रहे हैं, उन इलाको में भी पुलिस की नजर बनी रहेगी ।

किसी भी वारदात (घटना) के तुरंत बाद सीसीटीव्ही फुटेज के जरिये अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को तत्काल सहायता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा श्री अजय पांडे द्वारा जनता से अपील की है सीसीटीव्ही कैमरो को दुकानों, चौक चौराहो एवं महत्वपूर्ण स्थलो में जरुर लगवाएं, जिससे होने वाली गतिविधियों/संदिग्धो पर पैनी नजर रखी जा सकें । सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरों के बारे में जानकारी रिकार्ड में रखें, क्योंकि जब कोई अपराध घटित होता हैं तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीव्ही फुटेज की सहायता लेती हैं । आज के समय अपराधो की रोकथाम और छानबीन के लिये नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा हैं । सीसीटीव्ही कैमरा के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता हैं, जनता का सहयोग मिलने पर पुलिस प्रत्येक अपराध पर अंकुश लगा सकती हैं ।

जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करने पर कोई अपराधी पुलिस की पैनी नजर से बच नही सकता, लोगो को अपनी सुरक्षा के लिये चिन्हित स्थान व दुकानों के आसपास सीसीटीव्ही लगाने से यदि कोई भी आपराधिक गतिविधि होने पर भी आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को आसानी होगी।

शहर का प्राचीन धार्मिक स्थल है यह मंदिर, विशेष पूजा अर्चना के साथ होती है मां की आराधना

श्री षष्टी माता मंदिर में माथा टेकने से होती है मनोकामना पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा शहर में स्थित श्री षष्टी माता मंदिर एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, जिसकी स्थापना हजारों वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है। कहा जाता है कि षष्टी माता स्वयंभू स्वरूप में प्रकट हुई थीं। प्रारंभ में यह मंदिर एक छोटी मढ़िया के रूप में था, जहां माता के दो कलश प्रज्वलित किए जाते थे। वर्तमान में यह मंदिर भव्य और विशाल रूप ले चुका है, जहां हजारों कलश स्थापित किए जाते हैं।

धार्मिक मान्यताएं और महत्व

मंदिर के प्रति मान्यता है कि जो भी भक्त यहां श्रद्धापूर्वक अपनी मनोकामना लेकर आता है, उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में 'मैली माता' का भी एक स्थान है, जो बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करती हैं। कहा जाता है कि यदि कोई भक्त 'मैली माता' के पास एक लोटा जल अर्पित करता है, तो बच्चों को सूखा रोग, चर्म रोग या अन्य बीमारियों से राहत मिलती है।

प्रमुख आयोजन एवं परंपराएं

श्री षष्टी माता मंदिर में विशेष रूप से षष्ठी पर्व पर भव्य आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर भक्तजन बड़ी संख्या में एकत्र होते हैं और माता को विशेष भोग अर्पित करते हैं। इसके अलावा नवरात्रि, जन्माष्टमी तथा अन्य धार्मिक अवसरों पर भी यहां विशेष आयोजन किए जाते हैं।

भौगोलिक स्थिति और पहुंच

यह मंदिर छिंदवाड़ा शहर में परासिया रोड स्थित है और स्थानीय लोगों के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र है।

श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

श्री षष्टी माता मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि लोगों की आस्था का प्रतीक भी है। दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां आते हैं और माता के दर्शन कर स्वयं को कृतार्थ मानते हैं। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए दर्शन, पूजन एवं अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा-अर्चना का अवसर प्राप्त होता है।

मदरसा मोहम्मदिया में प्रवेश उत्सव संपन्न, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल को प्रारंभ हुआ ।जिसमें विद्यार्थियों का स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर मदरसा मोहम्मदिया के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। विद्यार्थियों को स्वादिष्ट भोजन भी परोसा गया। प्रवेश उत्सव पर छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन अपनी उपस्थिति देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रवेश उत्सव के दूसरे दिन स्कूल में भविष्य भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पलक एवं जनप्रतिनिधियों समाज सम्मानित व्यक्तियों को आमंत्रित कर बच्चों को आने वाले भविष्य के लिए प्रेरणा दी जाएगी। तीसरे दिन विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षक यासीन अंसारी, रमीज राजा, आयशा नसीम रोजमा, हुमैरा, अफसाना, यासमीन, सना खान, सिद्दीकुन निशा अलीसा बानों मदरसा संचालक एवं पालक गण उपस्थित हुए।

अंजुमन परिसर में किया ईद मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी मुस्लिम समाज की ओर से सोमवार को अंजुमन परिसर में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निमंत्रण में सिंगोड़ी सहित अन्य ग्रामों के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों सामिल हुए। इस मौके पर सभी उपस्थितियो ने सेवाइयों शीर खुरमा फलों का आनंद उठाया और मुस्लिम समाज तथा अन्य सामाजिक बंधुओ ने एक दूसरे को ईद पर्व की बधाई दी और इस कार्यक्रम को सामाजिक एकता अखंडता बंधुत्व की मिशाल बताया गया। वही अमरवाड़ा के पूर्व भाजपा प्रत्यासी उत्तम ठाकुर, धीरेंद्र शाह इनवाती, वरिष्ठ अधिवक्ता एसएसएच रिज़वी, हरिप्रसाद कटारे, शासकीय अधिवक्ता अखिल सोनी,अंजुमन सदर इलमन मिस्किनी,सरपंच कपिल ठाकुर, योगेश यादव, डा उमेश शर्मा,रामनाथ साहू,परसादी पटेल,आशीष जैन, सहित ने अपने संबोधन में ऐसे कार्यों भूरी भूरी प्रशंसा की ओर कहा की सामाजिक एकता अखंडता हमारे त्योहारों में झलकती है जो अनेकता में एकता को दर्शाता है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षो से स्थानीय मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा अंजुमन कमेटी के माध्यम से ईद के अवसर पर ईद मिलन समारोह आयोजित करता है जिसकी प्रशंसा चहुओर होती है। इस अवसर पर कैलाश साहू,राजेश कहार,किशोर साहू,मोहित साहू,बंटी पांडे,पिंकू साहू,सुभाष साहू,दीपक साहू,धीरज मालवी,प्रीतम कुशवाह सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

झामटा के 4 छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन

सिंगोड़ी। जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 चयन परीक्षा मे चार छात्र-छात्राओं सावी डोहरिया, दीक्षांत सोलंकी, रक्षित पराड़कर, आवेश सलामे को मिली सफलता अब तक कुल 24 छात्र छात्राओं का नवोदय विद्यालय में छात्र/छात्राओं का चयन देकर विद्यालय ने प्रदेश में अपना प्रथम स्थान बनाया हैं । छात्र/छात्राओं ने अपने चयन श्रेय समस्त स्कूल शिक्षकों को दिया। स्कूल फाउंडर श्री गोवर्धन बोबडे सर एवं विद्यालय संचालिका श्रीमती पूजा बोबडे द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की और सफलता के लिए अग्रसर होने पर बधाइयां दी गई। यह हमारे विद्यालय के लिए बहुत गौरव की बात है कि हमारे विद्यालय से चयनित छात्रों की संख्या प्रति वर्ष बढ़ती जा रही है। विद्यालय बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए हमेशा प्रयासरत है और आगे भी विद्यालय इसी तरह बच्चो के भविष्य निर्माण के लिए लागातार कार्यरत रहेगा। अत्यंत हर्ष का विषय यह है कि सत्र 2017-18 से सत्र 2024- 25 तक 24 छात्र-छात्राओं का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है और मध्य प्रदेश के इतिहास में हमारा पहला विद्यालय ऐसा है की जिससे सबसे ज्यादा चयन छात्रों की संख्या है।

कलेक्टर-अधिकारियों ने किया ग्रामीणों के साथ श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

अधिकारियों की मौजूदगी में गंगा अभियान चलाया गयाचौरई। मंगलवार को प्रशासन के आला अधिकारियों की मौजूदगी में जल गंगा सर्वधान अभियान के तहत जलस्त्रोत की सफाई और श्रमदान का अभियान चलाया गया। मोरखा गांव में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं जिला सीईओ अग्रिम कुमार की उपस्थिति एवं निर्देशन में जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत मोरखा में जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया। उनके साथ जिला सीईओ अग्रिम कुमार, एसडीएम चौरई प्रभात कुमार मिश्रा एवं जनपद सीईओ तरूण राहंगडाले, एई रोहिणी बघेले सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत के आम नागरिक भी उपस्थित रहे।इस दौरान कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने जल की महत्ता को समझाते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ग्राम पंचायत के नागरिकों को जन भागीदारी के लिए प्रेरित किया ताकि हम अगली पीढ़ी के लिए जल बचा सकें। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से जन भागीदारी से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विशेष प्रयास किए जाने के आह्वान किया। इसके बाद जिला सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत जमतरा के ग्राम कुंभपानी में एफआरए पट्टाधारियों को दिए गए इस ग्राही मूलक कार्यों के खेत तालाबों का निरीक्षण किया।

स्कूल में बच्चों को कराया प्रवेश, पूर्व विधायक ने दी शुभकामनाएं

बिछुआ । बिछुआ स्थित शास उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान 2025 के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चौधरी सुजीत सिंह एवं पूर्व विधायक पं रमेश दुबे शामिल हुए ।विधायक श्री चौधरी , पूर्व विधायक श्री दुबे समेत अन्य अतिथियों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को स्कूल में प्रवेश कराकर उन्हें नवीन सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं के साथ ही प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि शिक्षा का यह अभियान समाज को बेहतर, विकसित व समृद्ध बनायेगा। सभी बच्चे एक साथ सफलता की ऊंचाई प्राप्त करें यही मेरी शुभकामनाएं हैं ।अतिथियों द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण किया गया साथ ही विद्यालय के शिक्षकों एवं उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।उक्त कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोलू नागरे, जंप उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, मंडल अध्यक्ष शैलेष चोपड़े, बनवारी माहौरे महेंद्र वर्मा राजेश रघुवंशी रजत वानखेड़े बलदेव बोबडे इंद्रपाल पटेल पृथ्वीराज पटेल पंकज साहू समेत बच्चों के अभिभावक, प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ शिक्षक मौजूद रहे ।

खबर संक्षेप

खेरमाई मंदिर के पास लिख रहे सट्टा पट्टी

बम्हनीबंजर। शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लंबे समय से जुआ व सट्टे का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस कारण क्षेत्र में खुलेआम यह कारोबार खूब फलफूल रहा है। शहर के आसपास के गांवों में चल रहे अवैध कारोबार से कई परिवार बर्बाद हो रहे है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था इस तरह बिगड़ी है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है। इस कारण जुए के अड्डे व सट्टे की खाईवाल के हौसले बुलंद हैं।

पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा दूसरी में एक स्थान रिक्त

मण्डला। पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा द्वितीय (कक्षा दूसरी) में प्रवेश हेतु एक स्थान रिक्त है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभिभावक 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 के बीच आवेदन कर सकते हैं। कक्षा द्वितीय में प्रवेश हेतु बच्चे की आयु 1 अप्रैल 2025 को 7 वर्ष से 9 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। (बच्चे का जन्म 1 अप्रैल 2016 से 1 अप्रैल 2018 के बीच होना चाहिए) प्रवेश हेतु फार्म (निर्धारित आवेदन पत्र) 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक (प्रातः 9 से अपराह्न 1 बजे के बीच) विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ 2 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक (प्रातः 9 से अपराह्न 1 बजे के बीच) विद्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

अधिकार नहीं फिर भी ग्राम पंचायत ने काटने की दे दी अनुमति

दर्जनों हरे सागौन वृक्षों का कत्लेआम

*** जोरो पर है लेनदेन व मिलीभगत की चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पर्याप्त ऑक्सीजन व्याप्त रहे, इसके लिए विभिन्न स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने एवं वृक्षों को सुरक्षित बनाये रखने के प्रयास किए जाते हैं। पिछले दिनों तो नर्मदा नदी के किनारे पौधारोपण करने पर ना जाने कितनी राशि सरकार की खर्च की गई, पौधे कितने तैयार हुए कोई ऑकड़ा स्पष्ट सामने नहीं आया। लेकिन इसके विपरीत ग्रीनलैण्ड में अवैध प्लॉटिंग होने से वृक्षों को बेरहमी से काटा जा रहा है। ऐंसा ही एक मामला विगत दिवस शहर से लगी हुई ग्राम पंचायत सकवाह के पोषक ग्राम रामबाग में झूलापुल के समीप नदी के किनारे हल्का नंबर 90, खसरा नंबर 4/3/2/1 पर लगे 10 सागौन के हरे एवं तीन सूखे वृक्षों को पटवारी, सरपंच, सचिव एवं भू-स्वामी की मिलीभगत से फर्नीचर व्यापारी भाजपा पार्षद रामजी गायक द्वारा मशीन से काट दिया गया। यह दृश्य देख स्थानीय उपसरपंच हरिलाल बरमैया द्वारा आपत्ति जताते हुए वन विभाग को सूचना देकर 181 सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज करायी गई। जानकारी मिलते ही मीडिया के लोग मौके पर पंहुच गये तो शेष अन्य वृक्ष बच गये नहीं तो यह संख्या और भी अधिक होती। समय पर वन विभाग की टीम पंहुच गई लेकिन कार्यवाही करने में असमर्थता व्यक्त की गई। क्योंकि यह मामला राजस्व विभाग के अधीन है तब लगभग 4 घण्टे बाद राजस्व विभाग की टीम के द्वारा पंहुचकर पंचनामा बनाते हुए कटे वृक्षों को जप्त किया गया। बताया गया कि भू-स्वामी दिलीप कुमार पिता रमेश्वर गौतम एवं महेन्द्र कुमार पिता हल्कु राम तेजा के आवेदन पर ग्राम पंचायत द्वारा पटवारी प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 28.03.2025 को प्रस्ताव पारित कर उक्त सागौन के हरे वृक्षों को काटने की लिखित अनुमति दी गई थी। जानकारों के अनुसार राष्ट्रीयकृत वृक्षों को काटने की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत को नहीं है। यह अधिकार कलेक्टर एवं एसडीएम के पास सुरक्षित है। अब सवाल उठता है कि पढ़े लिखे भू-स्वामी उन वृक्षों को कटवाने के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन क्यों दिए। यह आवेदन कलेक्टर व एसडीएम को देना था और आवेदन दिया भी गया था तो सचिव व पटवारी को अपने उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लाना था। लेकिन ऐंसा नहीं किया गया क्योंकि कुरचना करके उन वृक्षों का कत्ल किया गया है। चर्चा व्याप्त है कि इस मामले में लेनदेन हुआ है। अब देखना होगा कि, संबंधित जिम्मेदार कौन-कौन को दोषी मानकर क्या कार्यवाही करते हैं फिलहाल तो उन वृक्षों से मिलने वाली ऑक्सीजन से हम वंचित हो गये हैं।

श्रीमती संपतिया उइके ने विवाह/निकाह सामूहिक कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में 1100 वर-वधुओं का वैवाहिक/निकाह कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। इस दौरान श्रद्धा उइके, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रोहित बड़कुल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री जेपी पटले सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है। उपरोक्त निकायों के इच्छुक वर-वधु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है।

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज

मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत वर/वधु के अभिभावक का मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र। वधु व उसके वर की 9 अंकों की समग्र आईडी। वधु व वर के आधार कार्ड की छाया प्रति। वधु व वर का आयु प्रमाण पत्र। आयु की पुष्टि हेतु वधु और वर द्वारा निम्नांकित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत किया जावे- स्कूल का प्रमाण पत्र (टी.सी.) अथवा अंक सूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया, जन्म प्रमाण पत्र अथवा मतदाता सूची/मतदान परिचय पत्र जिसमें आयु अथवा जन्म तिथी अंकित हो। शासकीय चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा आयु हेतु जारी प्रमाण पत्र अथवा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम का जाब कार्ड, अन्य दस्तावेज जो आयु सिद्ध करने हेतु कानूनी रूप से स्वीकार हो, वधु व उसके वर के पासपोर्ट साईज के दो-दो फोटोग्राफ देने होंगे।

खबर संक्षेप

मातृधाम में हो रही 108 दीपों से महाआरती

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नवरात्र में श्री विद्यासपर्या पद्धति से विशेष पूजन के साथ सहस्त्रार्चन और दोनों समय 108 घृत दीपों से महाआरती हो रही है। सिवनी जिले के मातृधाम में नवरात्र विशेष तरह की पूजा-अर्चना की जा रही है। यहां 108 ज्योति कलश और घट प्रज्ज्वलन के साथ मां भगवती का विशेष पूजन-अर्चन किया जा रहा है। मंदिर के पट प्रातः 6 बजे से देर रात्रि तक भक्तों के लिए खुले रहते हैं। यहां दस महाविद्या, श्री बटुक भैरव और नवग्रह के साथ मां विराजमान हैं। नवरात्र में मध्याह्न काल में घृत और तेल के ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। मातृधाम में श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी महारानी विराजमान हैं। आगामी कार्यक्रमों में 2 अप्रैल को पंचमी पूजन, 5 अप्रैल को महाअष्टमी पूजन होगा। 6 अप्रैल को मध्याह्न में श्रीराम जन्मोत्सव, कन्याभोजन और सायंकाल हवन का आयोजन है। 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे जवारे विसर्जन होगा। यह स्थान जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज की माताश्री गिरिजा देवी का पावन जन्म स्थल है। मातृधाम के प्रभारी धर्मवीर अजित तिवारी के अनुसार, नवरात्र में मां भगवती के दर्शन और पूजन का विशेष महत्व है।

आभूषण व्यापारी के साथ हुई 24 लाख की लूट पुलिस ने पकड़ा 24 घंटे में आरोपियों को

व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते जानलेवा हमला एवं लूट की वारदात को अंजाम दिया

सिवनी दिनांक 31/03/2025 को प्रार्थी नारायण सोनी पिता गणेश सोनी उम्र 23 साल निवासी ग्राम खवासा थाना कुरई में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी ग्राम कुरई बाजार चौक में सौरभ ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 30/03/2025 को जेवरातों से भरा बैग कंधे में टांग कर अपने घर खवासा के लिये रवाना हुआ था, शाम करीबन 07.00 बजे जैसे ही रिड्डी टेक तिराहा (एन.एच.44 सिवनी से नागपुर रोड) के आगे पहुंचा तो एक सफेद रंग की कार पीछे से आकर टक्कर मार दी और आगे जाकर खड़ी हो गई। जिससे प्रार्थी का संतुलन बिगडने से मोटर साईकल सहित सडक पर गिर गया इसी दरम्यान एक मोटर सायकल पर सवार दो व्यक्ति आये और प्रार्थी के सोने चांदी के जेवरातों से भरा बैग छीनने लगे तो प्रार्थी ने जोर से अपने आभूषण रखे बैग को पकड लिया तभी उनमें से एक व्यक्ति ने प्रार्थी के कंधे पर एक डण्डा मारकर चोंट पहुंचाकर प्रार्थी के हाथ से वह सोने चांदी से भरे बैग को छीन लिया। एवं आगे खडी कार से एक व्यक्ति उतरकर आया और बोला बैग छीनकर जल्दी भाग लो। आने जाने वालें वाहनों की रौशनी में प्रार्थी ने बैग छीनने वाले व्यक्ति का चेहरा पहचानने की बात बताई, प्रार्थी के बैग में सोने के डबल कुंदा पेंडल, सिंगल कुदां पेंडल, झाला, चेन टाप्स, अंगूठी, पत्ती, दाने, झूमके, लेडिज अंगूठी, फैंसी लटकन, हाय चैन एवं चांदी की पायल, हाफ कर्दन, अंगूठी, लेडिज अंगूठी, जुडवे, बिछियां, झालर पायल, फेंसी पायल, लाकेट, चांदी छन्नी, बच्चो के कडे कुल जुमला किमती 24,00,000 रूपये के गहने जिसे आरोपी लूटकर ले गये है रिपोर्ट पर थाना कुरई में अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध अप.क्र. 152/25 धारा 309(4),309 (6) बी.एन.एस. का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी गई अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी एवं माल मशरूका बरामद करने हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता भा.पु.से. के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के निर्देशन में थाना प्रभारी कुरई निरीक्षक कृपालशाह तेकाम, सायबर सेल सिवनी, थाना प्रभारी अरी आशीष खोब्रागडे की पुलिस टीम बनाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश की गई जो तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस द्वारा अंधरगांव के संजीत सोनी उसके भाई संदीप सोनी से वैज्ञानिक तरीके एवं हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी संदीप सोनी एवं संजीत सोनी ने कबूल किये कि दिनांक 30/03/2025 को दोनो भाई ने अपने मामा विकास सोनी के साथ मिलकर सौरभज्वेलर्स वाले नारायण सोनी निवासी खवासा को लूटने की योजना बनाये थे कि प्रतिदिन की भांती नारायण सोनी अपनी दुकान बंद करके सोने चांदी के आभूषण बैग में रखकर अपने साथ मोटर सायकल से अपने घर ग्राम खवासा जायेगा तब रात में अंधेरे का फायदा उठाकर रास्ते में कार से टक्कर मारकर उसके पास का सोना चांदी लूट लेगें। शाम करीबन 6/30 बजे जब नारायण सोनी अपनी दुकान बंद कर बेग में सोने चांदी के आभूषण लेकर कुरई से निकला तो संदीप सोनी सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी01अह8040 को लेकर और संजीत सोनी, विकास सोनी मोटर साईकल क्रमांक एमएच36एड3650 हीरो पेशन से पीछे पीछे कुरई से पीछा करते निकले रास्ते में रिड्डी तिराहा के आगे नेशनल हाईवे सिवनी से नागपुर जाने वाली रोड में सूनसान रोड देखकर संदीप सोनी ने अपनी कार से नारायण सोनी की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे नारायण सोनी मोटर साईकिल सहित नीचे जमीन पर गिर गया और संदीप ने अपनी कार नारायण की मोटर साईकल के आगे ले जाकर खड़ी कर दिया। और पीछे पीछे आ रहे विकास सोनी, और संजीत सोनी मोटर सायकल से आये और विकास सोनी ने अपने हाथ में रखे डण्डे से नारायण सोनी के कंधे पर मारा एवं संजीत सोनी ने नारायण सोनी के सोने चांदी से भरे बैग को छीन लिया और सभी लोग वहां से भाग गये। घटना कारित करने के बाद संदीप सोनी ने कार रिड्डी के विवेक राठौर के घर के बाजू में छिपा दिया था एवं संजीत सोनी विकास सोनी सोने चांदी से भरे बैग को लेकर मोटर सायकल से अपनी हरदुली जिला भण्डारा महाराष्ट्र में स्थित संजीत की सोने चांदी की दुकान में ले जाकर छिपा कर रख दिये थे।

पुलिस टीम ने आरोपी संदीप के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक सेफद रंग की फोर्ड फीइस्टा कार एवं संजीत के कब्जे से लूटा गये सोने चांदी के जेवरात कुल किमती करीबन 24,00,000 रूपये के जप्त किये है। घटना में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार किया गये है एक आरोपी विकास सोनी फरार है।

गिरफ्तार आरोपी 01- संदीप सोनी पिता लखिन्दर सोनी उम्र 25 साल निवासी ग्राम अंधडगांव थाना अधंडगाव जिला भण्डारा महाराष्ट्र हाल निवास थाना कुरई जिला सिवनी (दिवाकर ज्वेलर्स की दुकान कुरई में) 02- संदीप सोनी पिता लखिन्दर सोनी उम्र 25 साल निवासी ग्राम अंधडगांव थाना अधंडगाव जिला भण्डारा महाराष्ट्र फरार आरोपी-विकास सोनी

जप्त मशरूका - सोने के डबल कुंदा पेंडल, सिंगल कुदां पेंडल, झाला, चेन टाप्स, अंगूठी, पत्ती, दाने, झूमके, लेडिज अंगूठी, फैंसी लटकन, हाय चैन एवं चांदी की पायल, हाफ कर्दन, अंगूठी, लेडिज अंगूठी, जुडवे, बिछियां, झालर पायल, फेंसी पायल, लाकेट, चांदी छन्नी, बच्चो के कडे कुल जुमला किमती 24,00,000 रूपये के गहने । एक मानक रंग की फोर्ड फिएस्टा कार की कीमत 4,00,000 रुपये है।

सराहनीय कार्य - एस.डी.ओ.पी. बरघाट श्री ललित गठरे के निर्देशन में थाना प्रभारी कुरई निरीक्षक कृपाल शाह तेकाम, थाना प्रभारी अरी आशीष खोब्रागडे, सउनि देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), सउनि अजय सिंह परिहार, प्र.आर. सत्य कुमार इनवाती, आरक्षक बालचंद नगरधने, आरक्षक अविनाश पाण्डेय, आरक्षक यशपाल उइके, आरक्षक अजय बघेल (सायबर सेल) सैनिक प्रकाश जंगेला शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति हुए 4 पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस बल सिवनी पुलिस सेवा से दिनांक 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत हुवे 04 पुलिस अधिकारियों 1. उप निरीक्षक ओमप्रकाश धौलपुरी (थाना कोतवाली) 2. सहायक उप निरीक्षक डील सिंह भलावी (पुलिस लाइन) 3. प्रधान आरक्षक नंदू सिंह राकेश्वरी (पुलिस लाइन) 4. ट्रेड आरक्षक कल्लू लाल चंद्रहास (पुलिस लाइन) को सम्मानित किया गया। अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने पर पुलिस अधिकारियों को उपहार भेंट करते हुए शाल, श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी को मंगलमय जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गई। सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जूनियर पुलिस कर्मचारियों को अपने अनुभव साझा किये गये। आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जीडी शर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडे, रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी कोतवाली श्री सतीश तिवारी,सूबेदार जितेंद्र रावतकर , मुख्य लिपिक श्रीमती आशा साहू , सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

ईएफए शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के हृदय स्थल में स्थित ई एफ ए शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर के गणमान्य नागरिक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक छीददी लाल श्रीवास, विद्यालय के पूर्व छात्र आर पी कोहुरू शिक्षा विद एवं सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती सुधारानी श्रीवास्तव की उपस्थिति में समस्त विद्यालय परिवार द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक ,पुष्पों, मिष्ठान से स्वागत कर विद्यालय में प्रवेश कराया गया ,सम्माननीय अतिथियों द्वारा विद्यालय में स्थित नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा सत्र में निशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण किया गया विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, सम्माननीय अतिथि गणों विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय की प्रगति हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया , विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री यशवंत साहू एवं श्रीमती टी व्ही शिव द्वारा विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विशेषताओं से अभिभावकों को अवगत कराया गया, अतिथियों एवं अभिभावकों के आगमन पर आभार प्रदर्शन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अंजना राय द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया ।

हिन्दू सेवा परिषद के द्वारा निकाली गई विशाल गदा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के छिंदवाड़ा चौक में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हिन्दू सेवा परिषद पर हिन्दू सेवा परिषद का 13 वा स्थापना दिवस के उपलक्ष में हिन्दू सेवा परिषद तत्वाधान में 4:30 बजे गदा यात्रा शहर के भिन्न मार्गों से होते हुए बापिस छिंदवाड़ा चौक में पहुंच कर एक विशाल धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुंबई से आई श्री मति जिया मंजरी जी सनातन युवा वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रद्धा शौर्य जी आजस्वी कवित्री नागपुर ने सभा को संबोधित किया। साथ ही कालका मठ के श्री श्री बालयोगी श्री नवनीत जी महाराज की दीप प्रज्वलित कर धर्म सभा का आयोजन प्रारंभ हुआ जय श्री राम जय हनुमान के नारे लगाए गए।जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं हिन्दू सेवा परिषद के कार्यकर्ता की उपस्थित में संपन्न हुआ।

हिंदू सेवा परिषद के पदाधिकारी धनराज माना ठाकुर हिंदू सेवा परिषद प्रदेश सह सचिव शुभम मेहरा जिला अध्यक्ष अंकित लाहौरी जिला उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष पिंकेश विश्वकर्मा जिला महासचिव अंकुश बेस नगर अध्यक्ष अंश लाल नगर उपाध्यक्ष और सभी सदस्य उपस्थित रहे।

नवीन शैक्षणिक सत्र का भव्य शुभारंभ

सिवनी। संस्कारों की पाठशाला सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2025 का प्रातः 7.30 बजे से शुभारंभ किया गया । नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय में आने वाले नन्हे मुन्ने भैया बहनों का तिलक चंदन बंदन से हार्दिक स्वागत विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा किया गया । इसके उपरांत यज्ञ हवन की आहुतियां के बीच मां सरस्वती की वंदना एवं पूजन के साथ सत्र का वैदिक विधि विधान से शुभारंभ किया गया । नवीन शैक्षणिक सत्र के विधि विधान से शुभारंभ के उपरांत आगामी शैक्षणिक सत्र में किस तरह अध्ययन अध्यापन होगा इसकी विस्तृत जानकारी, पुस्तकों के विषय में जानकारी विस्तार पूर्वक प्रदान की गई । विद्यालय प्राचार्य द्वारा इस अवसर पर भैया बहनों को शुभ आशीष प्रदान किया गया ।

जिले की पहली महिला क्रिकेटर आयुषी बिसेन

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

सिवनी जिले के खेल जगत के लिए यह गौरव का क्षण है और जिले के खेल जगत के खेल प्रेमियों के लिए गर्व का विषय है क्योंकि जिले की आयुषी बिसेन ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आयुषी बिसेन जिले की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर बनकर उभरी है उनका चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए हुआ आयुषी सिवनी की पहली महिला क्रिकेटर बन गई है जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेंगी ।

जिले की स्पीड क्रिकेट अकादमी के संचालक और प्रशिक्षक मनीष चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुषी बिसेन स्पीड क्रिकेट अकैडमी सिवनी की महिला खिलाड़ी है और वर्तमान में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी, भोपाल में अध्ययनरत हैं। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के चलते उन्हें राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी टीम में जगह मिली है। जानकारी देते हुए आगे बताया कि यह टूर्नामेंट उड़ीसा के भुवनेश्वर शहर में आयोजित हो रहा है जहां आयुषी बिसेन बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल टीम का हिस्सा रहेंगे सिवनी जिले में खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। आयुषी युवा खिलाडिय़ों के लिए प्रेरणादायक बन गई है महिला क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आई है आयुषी बिसेन की इस सफलता पर जिले के खेल प्रेमियों, कोचिंग स्टाफ और उनके परिवारजनों ने खुशी जताई है। उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी ने शुभकामनाएं दी हैं।

जादुट्टोने की बात को लेकर पुरानी रंजिश के चलते आरोपिगणो द्वारा की गई हत्या

बरघाट पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दिनांक 28/03/2025 को बरघाट पुलिस को ग्राम नंदौरा में मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर घटना स्थल पहुंचकर पुलिस द्वारा घटना स्थल तस्दीक पर मृतक ईश्वर बाहेश्वर के शव का निरीक्षण दौरान सूचनाकर्ता धनीराम बाहेश्वर पिता परदेशी बाहेवर उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम नंदौरा (रामाटोला) थाना बरघाट की रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इन्टीमेशन लेख कर घटना स्थल से साक्ष्य उपयोगी वस्तु जप्त कर मृतक ईश्वर बाहेश्वर के शव की पंचनामा कार्यवाही कराया गया एवं आहत प्रार्थी मन्नेलाल बाहेवर ने जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया की राजकुमार ठाकरे, मुकेल एवं उसके अन्य दो साथी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से ईश्वर बाहेवर के गले में मारकर हत्या किये है एवं मुझे भी जान से मारने की नियत से राजकुमार, मुकेश व उसके अन्य दो साथी के व्दारा कुल्हाडी, लोहे की राड, कांच की बाटल व डण्डा से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाये है कि रिपोर्ट पर आरोपी राजकुमार, मुकेश एवं अन्य दो के विरूध्द धारा 103(1),109,238,3(5) बीएनएस. का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी.डी. शर्मा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहनीश बैस थाना बरघाट के द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर आरोपिगणों की तलाश पतासाजी की गई जो आरोपी राजकुमार ठाकरे एवं मुकेस को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि राजकुमार का मृतक ईश्वरी बाहेश्वर के साथ करीब 4-5 वर्षों से जादूटोना करता है कहकर विवाद चल रहा था जो आरोपी राजकुमार के परिवार मे पीछले दो तीन माह से कोई न कोई बिमार रहता था ईलाज कराते कराते आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई थी जिस कारण राजकुमार मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया था। राजकुमार को शंका थी की पडोसी ईश्वरी बाहेवर में मेरे परिवार पर कोई जादू टोना कर दिया है, तब राजकुमार ने अपने साहूभाई मुकेश मात्रे को अपनी परेशानी बताया और उससे बोला मुझे किसी भी तरफ इससे इंतरी से छुटकारा पाना है तब दोने के बीच में ईक्षरी बाहेतर को ठिकाने लगाने की बात हुई, गाँव में नंदौरा और रामाटोला के बीच पुल बन रहा है जिसमें ईतरी बाहेवर और उसका भाई बन्नेलाल बाहेबर भी मजदूरी करते है और रात के समय पुलिया के पास बनी झोपडी में पुलिया के सामान की चौकीदारी करने वहीं बनी झोपडी में दोनो खाट में साथ सोते है, तब दिनाक 28/03/2025 को रात्रि मे राजुकमार मुकेश एवं कैलाश तथा करन तिरोटे चारो ईवरी बाहेश्वर और बन्नेलाल बाहेवर की झोपडी के पास पहुँचे, मैं और मुकेश झोपडी के अंदर गये, कैलाश और करन दोनो झोपडी के पास खड़े हो गये । राजुमाकर ने अपने हाथ में रखी कुल्हाड़ी से दो तीन बार ईश्वरी बाहेवर के गले में मारा तो ईश्वरी के साथ सोया बन्नेलाल उठ गया और चिल्लाकर बीच बचाव करने लगा तो उसे एक दो कुल्हाडी मारा और साथ खडे मुकेश ने उसके हाथ में रखी काँच की बाटल से बन्नेलाल के मुँह चेहरा, बदन में मारपीट किया और पास खड़े कैलाश और करन ने भी लोहे की राड व डण्डा से बन्नेलाल के साथ मारपीट करने लगे, ईश्वरी बाहेश्वर वहीं पर खत्म हो गया था व बन्नेलाल को भी मारपीट किये जिससे मन्नेलाल भी वहीं गिर गया और शांत हो गया तो आरोपियों ने सोचे की बन्नेलाल भी मर गया है जानकर चारों वहां से भाग जाना एवं मुकेश, कैलाश, करन के साथ मोटर साईकल से बरघाट होते हुये नंगार जाना बताये जो चारो आरोपीगणों ने पूछताछ पर हत्या की घटना करना स्वीकार किये। जो आरोपीगणो का कृत्य अपराध धारा 103(1),109, 238,3 (5) भारतीय न्याय सहिंता का पाये जाने से आरोपीगणो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

लखनादौन नगर परिषद को दोहरी चुनौती

गुणवत्ता, समय सीमा और पारदर्शिता के साथ पुरानी गलतियों से सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

नगर परिषद लखनादौन बस स्टैंड से नरसिंहपुर रोड के चौड़ीकरण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायतों के बाद, नगर परिषद ने ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी है। अध्यक्ष और लोक निर्माण सभापति प्रतिनिधि ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेंगे और काम समय पर पूरा होना चाहिए। लेकिन इसके साथ ही, पारदर्शिता और निष्पक्षता भी सुनिश्चित करनी होगी, और पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा।

घटिया कार्य पर कड़ी आपत्ति, लेकिन निष्पक्ष जांच भी जरूरी

जब ठेकेदार ने वाइब्रेटर रोलर के बजाय धम्मस से बेस मटेरियल की धंसाई शुरू की, तो अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया। उन्होंने ठेकेदार को तब तक काम रोकने का आदेश दिया जब तक कि वाइब्रेटर मशीन न आ जाए। यह त्वरित कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ठेकेदार को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। यदि घटिया निर्माण हो रहा है, तो उसे सुधारना चाहिए, लेकिन यदि आरोप निराधार हैं, तो ठेकेदार को भी न्याय मिलना चाहिए।

पूर्व में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पिछले कार्यकाल में हुए घटिया निर्माण कार्यों का जिक्र किया, जैसे कि दशहरा राउंड की सडक़, जो 15 दिनों में ही उखडने लगी थी। उन्होंने कहा कि वे ऐसी गलतियों को दोहराने नहीं देंगे। यह अच्छी बात है, लेकिन वर्तमान में पारदर्शिता भी जरूरी है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि निर्माण कार्य कैसे चल रहा है, और क्या यह निर्धारित मानकों के अनुसार हो रहा है।

पुरानी गलतियों की आलोचना

पिछले कार्यकाल में हुए घटिया निर्माण कार्यों ने जनता का विश्वास तोड़ा है। दशहरा राउंड की सडक़ का 15 दिनों में ही उखड़ जाना भ्रष्टाचार और लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। ऐसे कार्यों से न केवल जनता के पैसे की बर्बादी होती है, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को यह समझना चाहिए कि वे जनता के प्रति जवाबदेह हैं, और उन्हें अपने कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी बरतनी चाहिए।

गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर जोर, लेकिन जनता की सुविधा भी जरूरी

अधिकारियों ने इंजीनियरों को निर्माण कार्य की कड़ी निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हों और समय पर पूरा हो। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता से समझौता किया गया या काम में देरी हुई, तो वे कड़ी कार्रवाई करेंगे। यह सराहनीय है, लेकिन जनता की सुविधा भी जरूरी है। सडक़ की खुदाई के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और धूल के कारण स्वास्थ्य समस्याएं भी हो रही हैं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो और जनता को कम से कम परेशानी हो।

जनता की उम्मीदें और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी

लखनादौन की जनता को उम्मीद है कि नगर परिषद अपने वादे पर कायम रहेगी और नरसिंहपुर रोड का चौड़ीकरण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा होगा। वे यह भी उम्मीद करते हैं कि अधिकारी ठेकेदार और प्रशासन को जनता की परेशानी को कम करने के लिए प्रेरित करेंगे। लेकिन इसके साथ ही, जनप्रतिनिधियों की यह भी जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि ठेकेदार को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। नरसिंहपुर रोड का चौड़ीकरण कार्य लखनादौन के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। नगर परिषद को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह कार्य गुणवत्तापूर्ण, समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा हो। जनता की सुविधा और ठेकेदार के हितों का भी ध्यान रखना होगा, और पुरानी गलतियों से सबक लेते हुए भविष्य में ऐसे कार्यों से बचना होगा।

निर्माण कार्यों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

रेसिडेंशियल क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण पर होगी कार्यवाही
जनसुनवाई के अति लंबित शिकायतों की सूची पर होगी कार्यवाही
73 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनसुनवाई के दौरान एक शिकायती आवेदन पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने संज्ञान लेते हुए कहा कि पूर्व में भी शिकायत प्राप्त हुई है। इसके लिए जांच करने के निर्देश दिए गए थें। उन्होंने जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। आवेदन में लांजी की ग्राम पंचायत मोहझरी में सरपंच सचिव द्वारा धांधली करने की शिकायत की गई है। इसी तरह जनसुनवाई के दौरान ही कटंगी जनपद के ग्रामीण क्षेत्र की शिकायत के सम्बंध में भी कलेक्टर श्री मीना ने जांच करने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई के दौरान महिला द्वारा बताया गया कि इन दिनों परीक्षाओं का दौर चल रहा है। लाउड स्पीकर का मुंह मौहल्ले के ओर कर तेजी से बाजाया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम श्री गोपाल सोनी को शिकायत की जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनो के सम्बंध में कलेक्टर श्री मीना ने सम्बंधित विभागों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए है। जनसुनवाई में एडीएम श्री जीएस धुर्वे व एसडीएम श्री सोनी ने भी सुनवाई की।

अतिलम्बित आवेदनों का होगा निराकरण

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने पूर्व में हुई जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनो की समीक्षा की। उन्होंने अति लंबित आवेदनो के सम्बंध में विभागों को अंतिम अवसर देते हुए निराकरण करने की हिदायत दी है। अब तक लंबित आवेदनों की सूची बुधवार को होने वाली समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंड़ारा में मनाया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंड़ारा में शासन के निर्देशानुसार एवं विद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भेंड़ारा के सरपंच प्रफुल्ल नगपुरे, संस्था के प्राचार्य रविकांत नगपुरे ,शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं वंदन से किया गया तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा सरपंच महोदय का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया एवं सरपंच द्वारा अपने उद्बोधन में पांच बार चुनाव हारने के बाद छठी बार चुनाव जीतने की संघर्षपूर्ण कहानी बताएं। अर्थात जीवन में निरंतर प्रयास करते रहने की शिक्षा दी गई इसके पश्चात सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य का बच्चों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा की महत्ता समझाते हुए शासकीय विद्यालय में प्राप्त निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण ,निशुल्क गणवेश,आई कार्ड, बेल्ट, निशुल्क पाठ्य पुस्तक ,मध्यान्ह भोजन ,निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, रोजगार कौशल की शिक्षा, निशुल्क बालिका कराटे प्रशिक्षण, निशुल्क खेलकूद एवं योग शिक्षा, निशुल्क साइकिल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए साल में नियमित उपस्थित रहने की समझाइस दी गई। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा शाला के संचालन हेतु नई कार्य योजना नई टीम भावना के साथ कार्य करते हुए पालकों एवं शिक्षक सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई सभी को प्रवेश उत्सव की शुभकामना देते हुए सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

विद्युत विभाग की महिला अधिकारी पर भ्रष्टाचार करने का लगाया कथित आरोप

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रमुख पदाधिकारी जिला अध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर, ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद बिसेन और अन्य पदाधिकारियों ने मंगलवार कटंगी में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है. इस ज्ञापन के जरिए महासंघ के पदाधिकारियों ने मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी तिरोड़ी में पदस्थ एक महिला अधिकारी पर किसानों का आर्थिक शोषण करने का कथित आरोप लगाया है. महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बिजली विभाग की महिला अधिकारी और लाइनमेन में मिलकर स्थाई और अस्थाई कनेक्शन जोड़ने और नया टांसफार्मर लगाने के नाम पर किसानों से मोटी रकम वसूल की है जिसकी किसानों को रसीद तक नहीं दी गई. महासंघ के पदाधिकारियों ने बीते दिनों क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी से इस पूरे मामले की शिकायत की थी. जिसके बाद विधायक ने उचित कार्रवाई करवाने का भरोसा दिया था. वहीं अब महासंघ के पदाधिकारियों ने नांदी, मोहगांव, सुंदर के किसानों के साथ हुई इस कथित आर्थिक लूट की अधिकारियों से शिकायत करनी शुरू की है ताकि प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल जांच कार्रवाई सुनिश्चित करे और दोषी पाए जाने पर अधिकारी और कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करें.

महासंघ के पदाधिकारियों ने नांदी, मोहगांव, सुंदर के करीब 30 किसानों की एक सूची तैयार की है जिसमें किस किसान से कितनी राशि स्थाई कनेक्शन, अस्थाई कनेक्शन और ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर वसूली गई है इसका बकायदा जिक्र किया गया है. यह सूची ज्ञापन के साथ अधिकारियों को प्रदान की जा रही है. महासंघ का यह आरोप है कि जिन किसानों के नाम सूची में शामिल है यह तो वह किसान है जिसकी जानकारी सामने आ पाई है और भी इसी तरह के किसान होंगे जिनसे कनेक्शन के नाम पर पैसा लिया गया है लेकिन कोई रसीद नहीं दी गई. गौरतलब हो कि जिन किसानों ने पैसा दिया है यह सभी किसान राजीव सागर बांध की नहरों से पानी लेते है और खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए अस्थाई और स्थाई कनेक्शन लेते है.

केशा रोड पर तेज रफ्तार पिकअप ने टू-व्हीलर को मारी युवक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

विगत दिवस 15 मार्च 25 को केशा व मेंन रोड के पास केशा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने टू-व्हीलर गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक अक्षय वासनिक ,की इलाज के दौरान मौत हो गई,दो अन्य सुनिल वासनिक व दुर्गेश टेकाम का इलाज हास्पीटल गोंदिया में चल रहा है।

यह हादसा काकोपाट मंदिर केशा से में रोड पीपरटोला मुख्य मार्ग पर हुई है। मृतक की पहचान अक्षय वासनिक केशा थाना किरनापुर के रूप में हुई है।

तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को मारी टक्कर

पिंकअप ने टू व्हीलर गाड़ी को टक्कर इतनी जबरदस्त मारा को पिंक अप गाड़ी के दोनो सामने के कांच फूट गये टू व्हीलर में बैठे दुर्गेश टेकाम और सुनिल वासनिक 10फीट दूर जाकर गिरे और पिक अप चालक अंकुश पिता दिनेश मानेश्वर केशा निवासी ने अक्षय वासनिक के कमर पर से गाड़ी निकल कर फरार हो गए , घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप का नंबर नोट कर लिया है ।लेकिन चालक मौका पाकर वाहन सहित पीपरटोला , साल्हे ,व नंदोरा,व बोरबन की ओर फरार हो गये।

घायल युवक अक्षय वासनिक की इलाज के दौरान हुई मौत

स्थानीय लोगों ने घायल अक्षय वासनिक को गोंदिया अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इस हादसे से क्षेत्र में शोक का माहौल था। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

फरार पिकअप चालक को तलाश रही पुलिस-

इस केस के जांच अधिकारी एएसआई श्री चेतन ब्रम्हे कर रहे हैं।कि परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है ,पुलिस पिकअप और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस कढ़ाई परिवार से पुछताछ करें तो गाड़ी महाराष्ट्र की है MH 35 kआगे सस्पेंस ,407 से छोटा हाथी जिसके सामने के कांच फुटा है । पुलिस थाना किरनापुर सुक्ष्मता से जल्द से जांच कर जनता के सामने आरोपी को गिरफतार करने की अपील की है।

कंजई ,नेवरगांव में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन..

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा ग्राम कंजई और नेवरगांव में 1 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार मंगलवार को शासकीय माध्यमिक एकीकृत विद्यालय कंजई, हायर सेकेंडरी स्कूल कंजई, हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरगांव ला. में ग्राम पंचायत कंजई सरपंच एड.आनंद ढालसिंह भाऊ बिसेन के मुख्य आतिथ्य में, धनेंद्र भलावी जनपद सदस्य जनपद पंचायत लालबर्रा बांदरी सरपंच यंकट रंहागडाले के प्रमुख अतिथ्य में व सभी स्कूल के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं, ग्राम के गणमान्य नागरिक,जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में बच्चों को, तिलक लगाकर, मिठाई खिला कर, व पाठय पुस्तक वितरित कर छात्र छात्राओं को स्कूल में प्रवेश दिलाया गया उक्त अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने उद्बोधन देकर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की बधाई, नवरात्रि पर्व बधाई, व हिन्दू नववर्ष की बधाईयां सभी को प्रेषित की है।

विकासखंड कटंगी के स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव

स्कूल चले अभियान का हुआ शुभारंभ, पाठ्य पुस्तकें हुई वितरीत

कटंगी ।01 अप्रैल से मध्य प्रदेश में 2025 का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है. इस अवसर पर प्रदेश भर के सभी सरकारी स्कूलों के साथ ही विकासखंड कटंगी के भी सभी सरकारी स्कूलों में दोपहर 12 बजे प्रवेश उत्सव मनाया गया. नगर के सीएम राइज स्कूल में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया. जनपद अध्यक्ष कविता देशमुख ने बोनकट्टा और हरदोली के स्कूलों में आयोजित प्रवेश उत्सव में हिस्सा लिया. जनपद उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले, जनपद सदस्य ओमसिंह परते, अजीत बिसेन, नेकेन्द्र चौहान तिरोड़ी में एक स्कूल के उत्सव में सम्मिलित हुए. जनपद सदस्य मनोज पंचभाई ने महकेपार स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव में हिस्सा लिया. जराहमोहगांव पीएमश्री स्कूल में जनपद सदस्य राजेश्वरी शारदा डहरवाल और सरपंच योगेश डोंगरे प्रवेश उत्सव के सहभागी बने. इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाले सरकारी स्कूलों में स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच, जनपद सदस्य ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत सत्कार कर तिलक वंदन किया. कई सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव में उपस्थित विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गई. स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक-सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें. ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का आज स्कूलों में नामांकन भी कराया गया. वहीं अपने बच्चों के साथ पहले दिन स्कूल पहुंचे अभिभावकों का स्कूल स्तर पर स्वागत किया गया. पहले दिन कक्षा-1 से 8 तक सभी स्कूलों में बालसभा का आयोजन हुआ. प्रवेश उत्सव में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे. 01 अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान की शुरुआत हुई अब दूसरे दिन यानी आज 02 अप्रैल को शालाओं में "भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम आयोजित होना है. इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जाना है. आज के दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित जाना है. आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे. इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकते है.

सामान्य प्रशासन की बैठक में हुई विभिन्न विषयों पर चर्चा

बैठक में उपस्थित जनपद सदस्यगण व अधिकारीगण

वारासिवनी। जनपद पंचायत खैरलॉजी के सभागार में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक प्रभारी सीईओ दीक्षा जैन की अनुपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रही जनपद पंचायत अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले ने बताया कि सामान्य प्रशासन समिति की बैठक की सचिव जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपाल अधिकारी होती हैं, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में जनपद पंचायत के बीपीओ अनिल मेश्राम द्वारा प्रभारी सीईओ के रुप में बैठक सम्पन्न करवाई गई।

स्थायी सीईओ नहीं होने से योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा अध्यक्ष आशु बघेले द्वारा बताया गया कि लगातार जनपद पंचायत खैरलांजी की उपेक्षा होते जा रही है। इस जनपद पंचायत में दो-दो विधायकमेहमान होने के बावजूद स्थायी रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पदस्थापना नहीं हो पाना पूरे जनपद क्षेत्र के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्णहैं, जिससे क्षेत्रीयजनों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पीएचई व विद्युत विभाग के मामले उठ जनपद पंचायत में जिन प्रमुख एजेंडो पर चर्चा हुई, उनमें प्रमुखरूप से बिजली विभाग द्वारा डोंगरमाली सब स्टेशन में वर्ष 2025 में ग्राम पंचायत घोटी एवं गुनई में कितने किसानों को टी.सी कनेक्शन दिया गया एवं कितने किसानो को परमानेंट कनेक्शन है। इन सभी किसानो के नाम की सूची, पी.एच.ई. विभाग द्वारा पुराने हैंडपंप जिसमें पानी की कमी से हैंडपंप बंद करके सामग्री निकाल कर ले गए, ऐसे कितने हैंडपंप है व किन-किन गांव केहै? क्या विभाग द्वारा सामग्री ले गए या नहीं जानकारी एवं ग्राम पंचायत घोटी पी.एच.ई. विभाग द्वारा तीन बोर खनन किए गए, जिसमें नल जल योजनासंचालित है। उन किए गए बोर के बिल की जानकारी, जिसमे पी.एच.ई. केअनुविभागीय अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से करने की बात बैठक मेंसामने आई।

निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई

इसके अलावा जनपद अध्यक्ष आशु बघेले ने बताया कि सामान्य प्रयोजन,पी.डब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई सडकें, घोटी नदी घाट पर निर्माणाधीनपुल, स्कूल निर्माण कार्य, स्वास्थ्य केंद्र के कार्यो की समीक्षा के अलावा अन्य प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों पर बैठक में सदस्यों व अधिकारियोंके बीच चर्चा हुई। अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर को भेजा गया बैठक में कुछ विभाग प्रमुख की अनुपस्थिति के कारण जनपद सभापतिसहित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में अनुपस्थित होने वाले व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ जिला कलेक्टर को कार्रवाई करनेके लिए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। जनपद पंचायत में लगभग तीन महीनोंके बाद सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जनपद क्षेत्र केसमस्त 17 विभागों में बहुत से विभाग प्रमुख अनुपस्थित रहे।यह रहे उपस्थित बैठक में अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद लिल्हारे, सभापति द्रोण कुमार डोहरे, दिनेश नागदेवे, स्वाति सुरेंद्रमसखरे, ललित ठाकुर व अन्य सभापति, बीपीओ अनिल मेश्राम, ऐई अनिल हिरकने वअन्य विभाग के प्रमुख की उपस्थिति रही।

पाली एकेडमिक इंस्टीटयूशन बिसोनी में 5 वीं एवं 8 वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

लांजी 28 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ,द्वारा कला 5 वीं एवं 8 वी बोर्ड का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें पाली एकेडमिक इंस्टीटयूशन में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर, प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया गया। कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत छात्र सानिध्य चौरे ने 95% प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया, द्वितीय स्थान छात्रा आरवी गेडाम ने 92.75% तथा तृतीय स्थान आराध्य समरीते 92.25%. अंक प्राप्त किए। उसी प्रकार कक्षा आठवी की होनहार छात्रा अक्षलीना बंसोड 89.83% प्राप्त कर प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान वेदांग चंद्रिकापुरे 89.05 % तथा तृतीय स्थान दिव्या काड़े ने 89% प्राप्त किये।पाली एकेडमिक इंस्टीटयूशन के द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को संस्था की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य एवं विद्यालय प्रबंधक श्री संजय चौरे , प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा की सभी बच्चों को आपके भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने की कामना करते है और मेहनत ने आपको यहा तक पहुचाया है और साथ ही उनके माता पिता का भी आभार व्यक्त किया । इसके साथ ही सभी शैक्षणिक स्टाफ महेंद्र येडे ,मनोज परिहार, तरुण तिलवार, सिफान मिर्जा, रोहित खिरेकर,योगेश सहारे, संध्या चौरे, सुभद्रा कलपुरे, रोशनी कुचलाहे, पूनम गुप्ता, टीना बिलगौर, अलिशा खान,रिया बंसोड़ , नेहा सोमनकर , राजेश शुक्ला, ज्योति भीमटे, वर्षा रणदिवे, सुनीता कचवाहे ,रेखा येडे, वर्षा रणदिवे यास्मीन खान, प्रतिभा सोलंकी ,कविता पटले,रोहिणी रनदिवे, स्वर्णाली बिस्वास, ममता नगपुरे ,दीपांकर भार्गव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा भी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।

सराहनीय रहा सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी का पांचवी का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज

लांजी । सत्र 2024-25 राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा कक्षा पांचवी एवम आठवी का परीक्षा परिणाम दिनांक 29 मार्च को घोषित किया गया है जिसमें नगर के विद्यालय सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल, लांजी का कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय में कक्षा पांचवी का कुल परीक्षा परीणाम 90 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान भावी बरसागडे 89 , द्वितीय स्थान अफ़्सा मिर्ज़ा 86.5, तृतीय स्थान अतुल तिड़के 86 , चौथा स्थान अनन्या तिवारी 85.75 पांचवा स्थान पूर्वी बागड़े 85.75, छठवां स्थान अनुष्का पांडे 84.25, सातवां स्थान आस्था पाचे 82.25 आठवां स्थान अंबिका वानखेडे 81.75, विश्वास बाहे 82, दसवां स्थान स्थान ऋषिका धनौले 79,सुरभि वानखेडे 79 रहे । इसी प्रकार हर्षिका हिरवानी 78.5, आरोही किरणापुरे 78.25, देवानंद कचवाहे 77.25 , राशि लटारे 76.25, रोशनी लटारे 75.5 ,वेदांश चौधरी 75.25 रहे । विद्यालय प्राचार्य हेमंत बनकर ने सभीं छात्रों व अभिभावकों को सराहनीय परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। समिति सचिव श्रीमती मीरा बनकर द्वारा सभी सफल छात्रों को उनकी निरंतरता बनाये रखने की शुभकामनाए दी । सभी शिक्षकों श्रीमति बी सोमनकर, श्रीमति एम वैष्णव , श्रीमति एस राऊत , श्रीमति ए बरसागडे , पी लाडे , एन भंडारकर, एन कुरैशी, पी मोरघडे , यू बिसेन , वाय खान , आर वासनिक, जी रामटेक्कर, एन रामटेक्कर, बी चौरसिया, आर कच्छवाहे, ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी व हर्ष व्यक्त किया । समिति अध्यक्ष श्रीमति विभा अनिल तिवारी ने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और उनके अथक परीश्रम का परिणाम बताया।

शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक का किया गया वितरण

वारासिवनी। वारासिवनी विकासखंड अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी मेंशासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल 2025 को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम ग्राम पंचायत नरोड़ी की सरपंच रेखा कैलाश राणा, एस एम सी अध्यक्ष साधना कुर्वे,सदस्य अनिता पटले, सुरेखा कटरे, शिवशंकर राणा, शाला प्रमुख सविता रिनायत,शिक्षक धन्नालाल बिसेन, आरती बिसेन एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई, उसके बाद कक्षा 6 वीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों के हस्ते सभी बच्चों को निश्शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे शाला के शिक्षक धन्नालाल बिसेन द्वारा बताया गया कि 01 अप्रैल 2025 से नवीन सत्र 2025-26की शुरुआत हो रही हैं। इसी के तहत 1 अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा शालाओंमें प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाने हेतु निर्देश दिए गए। शिक्षक द्वारा अधिक से अधिक बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित करते हुएशाला में शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं और शाला की उपलब्धि का जिक्र किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अथिति व ग्राम पंचायत नरोड़ी सरपंच रेखा कैलाश राणा और एस एम सी अध्यक्ष साधना कुर्वे ने बच्चो कोसंबोधित करते हुए नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।अंत में शाला प्रमुख सविता रिनायत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। फिर बच्चों को विशेष भोज कराने के बाद बालसभा का आयोजन किया गया।